नगर आयुक्त ने वार्डों में जाकर लोगों से सीधा सम्वाद किया कोविड–19 के बारे किया अलर्ट

युवा हस्ताक्षर ब्यूरो

शाहजहांपुर। नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा द्वारा आज मोहल्ला निगरानी समितियों से वार्डों में जाकर संवाद किया गया। नगर क्षेत्र में कोविड.19 महामारी के सक्रमण को तेजी से फैलते देख नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर में बनी मोहल्ला निगरानी समितियों को उनके वार्डो में स्वंय जाकर मोहल्ला निगरानी समितियों के सदस्यों से संवाद किया गया व प्रोत्साहित किया गया। नगर आयुक्त द्वारा आज नगर के मो० गदियाना एवं हाथीथान में बनी मोहल्ला निगरानी समिति के अध्यक्ष.पूर्व सभासद छगेंलाल राठौर, सदस्य. जगन्नाथ एवं आशा वर्कर. सूचि सक्सेना, माधवी, सदस्य एवं क्षेत्रीय सुपरवाइजर.राजू व सफाई एवं खाद्य निरीक्षक पवन कुमार तथा नगर के मो०. चमकनी करबला म मोहल्ला निगरानी समिति के अध्यक्ष.पूर्व सभासद हरीश बजाज, सदस्य एवं आशा वर्कर. पार्वती देवी, सुनीता व क्षेत्रीय सफाई नायक प्रेम शंकर एवं सफाई एवं खाद्य निरीक्षक हरवंश कुमार दीक्षित से सीधे संवाद किया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा मोहल्ला निगरानी के सभी सदस्यों को स्वंय की सुरक्षा रखने के लिये कहा गया व मोहल्ला निगरानी के सभी सदस्यों को निर्देशित किया गया कि क्षेत्र में बाहर से आने वाले प्रवासी व्यक्तियों पर निगरानी रखी जायें व जिस व्यक्ति में बुखार, खॉसी इत्यादि की शिकायत पाई जाती है तो उस व्यक्ति को तत्काल रुप से दवा उपलब्ध कराये जाने हेतु आशा वर्करों को निर्देशित किया गया। संवाद के समय नगर आयुक्त द्वारा यह भी कहा गया कि जिस व्यक्ति में कोविड.19 के लक्षण पाये जाते है तो उस व्यक्ति को घर पर एक अलग कमरे में रखा जायें जिससे अन्य लोगो को कोविड–19 के सक्रमण से बचाया जा सके। इस मौके पर अपर नगर आयुक्त एस०के० सिंह एवं क्षेत्रीय सफाई एवं खाद्य निरीक्षक उपस्थित रहे।